हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 6 मार्च 2024

06 मिट्टी के स्थान पर डाल रहे पीली बजरी, विभाग के...



07 शासकीय चना चोरी का मामला, 3 दिन बाद भी नहीं...





### सरकारी अस्पताल में 24×7 चालू होगा हेल्पलाइन नंबर, एमडी मेडीसिन के लिए निजी चिकित्सकों की सेवाएं लेंगे

# डॉक्टर से लेकर कर्मचारी तक सभी ड्रेस कोड में रहेंगे, जल्द ही शुरू होगी हेल्पलाइन सेवा

**मरीजों के स्वास्थ्य व उपचार के लिए चिकित्सकों को ईमानदारी के साथ अपनी सेवा देना होगा। यह बात मंगलवार को शासकीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल में हेल्पलाइन नंबर का शुभारंभ करते हुए विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने कही।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



डा. श्यामाप्रसाद मुखर्जी शासकीय अस्पताल में अब मरीजों की सुविधा के लिए चौबीसों घंटे एक हेल्पलाइन नंबर चालू किया जाएगा। इस नंबर पर एक प्रतिनिधि मौजूद रहेगा जो अस्पताल से जुड़ी सारी जानकारी फोन पर मुहैया कराएगा। अस्पताल में किस डाक्टर की ड्यूटी है, कोई इमरजेंसी केस है, एक्सरे-सोनोग्राफी कब होगी, इस तरह की सारी जानकारी मरीजों या उनके परिजनों को फोन पर ही मिल जाएगी। ओपीडी में तैनात चिकित्सक भी ड्यूटी छोड़कर लापता नहीं रह सकेंगे, इसके लिए रोस्टर बनाया जाएगा, जिसके अनुसार पूरे समय चिकित्सकों को उपलब्ध रहना होगा। यह निर्देश विधायक डा. सीतासरन शर्मा ने मंगलवार को डा. श्यामाप्रसाद मुखर्जी शासकीय अस्पताल में रोगी कल्याण समिति की बैठक में दिए। बैठक में विधायक डा. सीतासरन शर्मा, नपाध्यक्ष पंकज चौरे, एसडीएम टी. प्रतीक राव, सीएमओ रितु मेहरा, अधीक्षक डा. आरके चौधरी, विधायक प्रतिनिधि भरत वर्मा, सोनू ब्रिंदा एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### अब परेशान होने की जरूरत नहीं

डा. शर्मा ने हेल्पलाइन नंबर 07572-299050 जारी करते हुए कहा कि यह नंबर मरीजों के लिए सुविधाजनक रहेगा, इसके लिए रोगी कल्याण समिति से प्रतिनिधि नियुक्त किया जाएगा। अस्पताल का विस्तार होने के बाद अनजान मरीज यहां की सुविधाओं एवं मदद के लिए भटकते रहते थे, इस नंबर पर तत्काल मरीजों की मदद की जाएगी। एमडी मेडीसिन की कमी पर विधायक डा. शर्मा ने कहा कि शासन स्तर से नियुक्ति के प्रयास हो रहे हैं, जब तक शहर के किसी प्राइवेट एमडी से चर्चा कर अनुबंध करेंगे, सप्ताह में एक बार या आपातकाल में वे अपनी सेवाएं अस्पताल को दें, जिससे मरीजों को आपातकालीन चिकित्सा मिल सके।

### 300 बिस्तर का दर्जा मांगेंगे

कई सालों से अस्पताल को शासन से 160 बिस्तर का दर्जा दिया गया है, जबकि संचालन 200-300 बिस्तरों का किया जा रहा है, ग्रेड अपग्रेडेशन के लिए विधायक डा. शर्मा के माध्यम से शासन को पत्राचार किया जाएगा, अपग्रेडेशन से अस्पताल के बजट एवं सुविधाओं में इजाफा होगा।

### ओपीडी में लापरवाही नहीं चलेगी, रोस्टर बनेगा

अस्पताल में संचालित ओपीडी में सुबह-शाम सेवाएं देने वाले प्रथम श्रेणी विशेषज्ञों एवं द्वितीय श्रेणी चिकित्सा अधिकारियों द्वारा ड्यूटी में की जा रही लापरवाही पर डा. शर्मा ने नाराजगी जताई। शर्मा ने कहा कि आए दिन इस तरह की शिकायतें मरीजों से मिलती हैं, चिकित्सक अपने तय समय में पूरी ड्यूटी करें, जिससे मरीजों को समय पर इलाज मिल सके। चिकित्सकों द्वारा की जाने वाली मनमानी को लेकर एसडीएम एवं अधीक्षक मिलकर रोस्टर बनाएंगे, इसके अनुसार निर्धारित ड्यूटी पर चिकित्सकों को रहना होगा।

### नए भवन का किया निरीक्षण

बैठक के बाद डा. शर्मा एवं अन्य अधिकारियों ने परिसर में डेढ़ करोड़ रुपये से तैयार निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण भी किया, इसका काम जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। नए भवन में दो नए वार्डो का संचालन करने पर सहमति बनी है।

### इन बिंदुओं पर भी हुई चर्चा

- रोगी कल्याण समिति के आय-व्यय का ब्यौरा पेश किया गया।
- पूर्व में आयोजित बैठक में तय प्रस्तावों की प्रगति समीक्षा।
- अस्पताल के पुराने शापिंग काम्पलेक्स के क्षतिग्रस्त टायलेट को हटाकर इसे बाहर खुली जगह शिफ्ट किया जाएगा, खाली जगह को दुकान में परिवर्तित कर इसकी नीलामी के संबंध में चर्चा, काम्पलेक्स की संपूर्ण मरम्मत और पुताई को लेकर चर्चा हुई।
- काम्पलेक्स के सामने खुली जगह पर अवैध रूप से कुछ दुकानदारों द्वारा रेत गिट्टी एवं अन्य निर्माण सामग्री के व्यवसाय एवं आसपास किए गए अतिक्रमण को हटाया जाएगा।
- रोकस के नए एवं पुराने शापिंग काम्पलेक्स के जिन दुकानदारों द्वारा नियमित किरया जमा नहीं किया जा रहा है, उनके विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।
- नपा अध्यक्ष एवं परिषद द्वारा पिछली बैठक में प्रस्तावित कार्यो को जल्द पूरा करने को कहा गया, इनमें कान्वेंट स्कूल के मुख्य गेट से एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र तक सड़क डामरीकरण, एनआरसी वार्ड के पास पार्क का सौंदर्यीकरण, परिसर में महिला-पुरुष प्रसाधन हेतु 2 पोर्टेबल टायलेट देने एवं अन्य मंजूर कार्यो को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए।
- अस्पताल में पदस्थ प्रथम श्रेणी अधिकारी से लेकर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी एवं अन्य कर्मचारियों को निर्धारित ड्रेसकोड में ही ड्यूटी पर आना होगा, ड्रेस कोड कैसा होगा, यह तय किया जाएगा।
- चिकित्सालय में पदस्थ समस्त प्रथम श्रेणी अधिकारी से लेकर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी व अन्य कर्मचारियो को निर्धारित ड्रेसकोड में ही अपने कर्तव्य पर उपस्थित होने के संबंध में चर्चा।
- ग्रीष्मकाल को देखते हुए वार्डो में कूलर लगाए जाएंगे, समिति नए कूलर खरीदेगी, साथ ही पुराने कूलरों का रखरखाव किया जाएगा, बंद पड़े पंखे भी चालू कराएंगे, जिससे मरीजों को गर्मियों में परेशानी न हो।
- राठी अस्पताल परिसर में रोटरी क्लब के सहयोग से संचालित डायलासिस सुविधा फिर प्रांरभ कराई जाएगी, इसके लिए रोटरी पदाधिकारियों से चर्चा होगी। महिलाओं की सोनोग्राफी भी नियमित कराई जाएगी।

### सुविधाएं बढ़ाएंगें

अस्पताल में हेल्पलाइन नंबर सुविधा प्रारंभ की है, जो 24 घंटे काम करेगी। चिकित्सकों का ड्यूटी रोस्टर बनाने के निर्देश दिए गए हैं। नवनिर्मित भवन और खाली पड़ी जगह के बीच पेबल ब्लाक लगाए जाएंगे। अस्पताल के अपग्रेडेशन एवं एमडी मेडीसिन सुविधा प्रारंभ करने का प्रयास जारी है। चिकित्सक समय पर ड्यूटी पर आएं, साथ ही मरीजों का बेहतर इलाज करें, इसके निर्देश दिए गए हैं। जो प्रस्ताव पारित हुए हैं, उन पर तेज गति से काम शुरू कराया जाएगा।

डा. सीतासरन शर्मा, विधायक

# समर्थन मूल्य की मांग को लेकर किसानों ने सौंपा ज्ञापन

**पंजाब की तर्ज पर ट्रेक्टर-ट्राली लेकर निकले किसान**



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



भारतीय किसान संघ ने मंगलवार को अपनी कई मांगों को लेकर ट्रैक्टर ट्रॉली से रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचे और डिप्टी कलेक्टर बबीता राठौर को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। किसान कृषि उपज मंडी में एकत्रित हुए। उसके बाद रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचे। किसानों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा और प्रमुख मांग गेहूं का समर्थन मूल्य 2700 रुपए और धान का 3100 करने की बात कही। उनका कहना था कि चुनाव के पहले अपने वचन पत्र में भाजपा ने गेहूं का समर्थन मूल्य 2700 रुपए और धान का 3100 करने सहित अन्य बातों का जिक्र किया था लेकिन वह पूरी नहीं हुई। किसानों से वादा खिलाफी की गई। भारतीय किसान संघ के जिला महामंत्री उदय पांडे ने बताया कि इसको लेकर हम ट्रैक्टर लेकर रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचे और मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा है। भारतीय किसान संघ के जिला महामंत्री पांडे का कहना है कि गेहूं का समर्थन मूल्य बढ़ाया जाए और धान की 3100 के हिसाब से अंतर राशि किसानों के बैंक अकाउंट में डाली जाए। सैकड़ों की संख्या में ट्रैक्टर ट्राली लेकर किसान पहुंचे और जमकर नारेबाजी की। पांडे का कहना है कि मोदी की गारंटी को भूलने वाले केंद्र और राज्य शासन को उनके किए गए वादे याद दिलाया और किसान हित में उनको पूरा करवाने किसान कलेक्ट्रेट पर इकट्ठे हुए और ज्ञापन सौंपा। संगठन के कार्यकर्ता विगत एक सप्ताह से निरंतर गांव गांव जाकर इन सरकारों द्वारा किए गए वादों को याद दिला रहे हैं। उनका कहना है कि शायद सरकार को उसके द्वारा किए गए वादे याद आ जाएं और वह उन्हें पूरा करे, अन्यथा भविष्य में संगठन अपने अधिकारों के लिए और उग्र आंदोलन किया जाएगा। किसानों ने अपनी कई मांगे जिसमें ओला और बारिश से खराब हुई फसलों का मुआवजा और बीमा दिया जाने वहीं कमांड एरिया बढ़ाने, बिजली देने सहित अनेक मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। किसान संघ के पदाधिकारी और किसानों ने जमकर नारेबाजी की और कहा कि यदि हमारी मांगे पूरी नहीं हुई तो आगामी समय उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# टिकट घोषित होते ही भाजपा में उत्साह, कांग्रेस में अभी सूनापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

लोकसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, राजनीतिक सरगर्मियां तेज होती जा रही हैं। जहां भाजपा द्वारा प्रदेश की 29 लोकसभा सीटों में से 24 लोकसभा सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। इसमें होशंगाबाद नरसिहपुर लोकसभा सीट से किसान नेता दर्शन सिंह चौधरी पर विश्वास जताते हुए उन्हें अपना प्रत्याशी घोषित किया है।

इस कारण से क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह का वातावरण नजर आ रहा है। लेकिन दूसरी ओर कांग्रेस में अभी भी दूर-दूर तक ऐसा कोई भी नाम सामने नहीं आया है जो कि लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बनकर भाजपा के अभेद किले को भेदकर जीत का दावा ठोक सके।

**कांग्रेस में हाल फिलहाल दूर-दूर तक नजर नहीं आ रहा ऐसा कोई चेहरा जो जीत का दावा ठोक सके**

### कांग्रेस में कई दावेदार, जीत की गारंटी?

वर्तमान में कांग्रेस में कई दावेदार दिखाई दे रहे हैं, लेकिन अभी तक ऐसा कोई मजबूत नाम सामने नहीं आया है जो कि लोकसभा में प्रत्याशी बनकर कांग्रेस की नय्या पार लगा सके। इस स्थिति में जहां भाजपा कार्यकर्ता काफी उत्साहित नजर आ रहा है, वहीं कांग्रेस कार्यकर्ता में मायूसी छाई हुई है और अभी भी इस बात को लेकर आम लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है कि आखिर कांग्रेस से चुनाव मैदान में कौन होगा।

# अधिक किराया लेने वाले वाहनों के चालान काटे





हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मंगलवार को कलेक्टर के निर्देशानुसार तथा यातायात डीएसपी संतोष मिश्रा के नेतृत्व में महाशिवरात्री महादेव मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के यात्री वाहनों की आरटीओ जांच दल द्वारा लगातार जांच की जा रही है। साथ ही माननीय उच्च न्यायालय के जारी निर्देश अनुसार एचएसआरपी नंबर प्लेट की भी लगातार जांच की जारी है।

अभी तक आरटीओ जांच दल द्वारा 15 वाहनों की एचएसआरपी नंबर प्लेट नही होने पर, 2 यात्री बसों में अधिक किराया की शिकायत पाए जाने पर, 2 ओवरलोड डंपर सहित अन्य जांच में कुल 27 वाहनों पर चालानी कार्यवाही करते हुए कुल राजस्व 58 हजार रुपए वसूला गया।

जांच में शिकायत प्राप्त 2 बसों पर संयुक्त यातायात तथा आरटीओ द्वारा बसों में यात्रियों को लिया गया अधिक किराया वापस कराया गया साथ ही उक्त बसों पर चालानी कार्यवाही की गई। जांच में यातायात डीएसपी संतोष मिश्रा के साथ समस्त आरटीओ जांच दल शामिल रहा।

# भाजपा महिला मोर्चा ने नारी शक्ति वंदन रैली निकाली



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चे द्वारा मंगलवार को नारी शक्ति वंदन रैली एवं पदयात्रा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अर्चना पुरोहित के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी संभागीय कार्यालय से सतरस्ते तक निकाली गई।

इसके पश्चात भाजपा कार्यालय कार्यक्रम की मुख्य वक्ता महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने संबोधित किया इस दौरान नपा अध्यक्ष नीतू यादव, जिला महामंत्री प्रीति शुक्ला, लोकसभा चुनाव प्रभारी संजय बराड़े, जिला कार्यालय मंत्री प्रशांत दीक्षित, जिला संयोजक वंदना दुबे, सोशल मीडिया सह प्रभारी राहुल ठाकुर सहित नर्मदापुरम विधानसभा की महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष सहित जिले समस्त पदाधिकारी बहने बड़ी संख्या में उपस्थित रही।

# जनसुनवाई में पीड़ितों ने लगाई न्याय की गुहार



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नर्मदापुरम सोजान सिंह रावत ने अधिकारियों के साथ जनसामान्य की समस्याओं पर गंभीरता से सुनवाई कर उनका निराकरण किया। जनसुनवाई में आए 108 आवेदनों पर सुनवाई की गई। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही पिछली जनसुनवाई में आए आवेदनों के निराकरण की स्थिति की जानकारी भी ली। जनसुनवाई में डिप्टी कलेक्टर बबीता राठौर, अनुविभागीय अधिकारी नर्मदापुरम नीता कोरी सहित अन्य सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

### कलेक्टर ने दिए स्नान पर्वों के दौरान घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के निर्देश

# सद्भाव एवं शांतिपूर्ण तरीके के साथ मनाएं त्यौहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

आगामी त्यौहारों पर कानून व्यवस्था के संबंध में बुधवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शांति समिति के सदस्यों द्वारा आगामी पर्वों पर आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गई एवं सुझाव दिए गए। कलेक्टर सुश्री मीना कहा कि पूर्व की तरह जिले में आगामी पर्व भी शांतिपूर्ण एवं आपसी सद्भाव के साथ मनाए जाए।

आपसी सौहार्द एवं भाईचारा ही हमारी परंपरा है। कलेक्टर ने बैठक में त्योहारों पर चल समारोह, जुलूस आदि का शांतिपूर्ण ढंग से आयोजन करने की बात कहीं। साथ ही पर्वो पर यातायात, पार्किंग, बिजली आदि की बेहतर व्यवस्थायें करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा



कि ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रहे। नियमों का उल्लंघन करने वाले बस वाहनों पर चालानी कार्यवाही की जाए। उन्होंने सभी धर्मगुरुओं एवं आमजनों से कहा है कि आगामी पर्वों पर जुलूस, चल समारोह, रैली आदि का आयोजन संबंधित अनुविभागीय अधिकारी के अनुमति के साथ ही किया जा सकेगा। साथ ही साथ ध्वनि विस्तारक यंत्रों का निर्धारित मानक मापदंडों के अनुरूप ही संचालन किया जाए। उन्होंने कहा कि बुद्ध पूर्णिमा, गंगा सप्तमी, स्नान दान अमावस्या, स्नान दान पूर्णिमा आदि स्नान पर्वों के दौरान घाटों पर साफ सफाई और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के लिए नगरपालिका नर्मदापुरम को निर्देशित किया है।

घाटों पर होमगार्ड बल की ड्यूटी भी लगाएं। कलेक्टर एवं जिला निवार्चन अधिकारी सोनिया मीना ने समस्त धर्मगुरुओं एवं समिति सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा है कि आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए आगामी समस्त त्योहारों का आयोजन किया जाए एवं यह भी सुनिश्चित किया जाए कि इस दौरान निर्वाचन प्रक्रिया बाधित न हो।

### समिति सदस्यों ने दिए सुझाव

समिति सदस्यों द्वारा बैठक में आगामी त्योहारों के संबंध में विशेष साफ सफाई, बिजली व्यवस्था दुरुस्त रखने, तापमान में बढ़ोतरी के दृष्टिगत जगह जगह प्याऊ की व्यवस्था करने, ट्रैफिक व्यवस्था आदि के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए।

### आगामी त्यौहारों पर भी चर्चा

महाशिवरात्रि पर्व, होली, बसंत पंचमी, गुड फ्राइडे, चैत्र नवरात्रि, झूलेलाल जयंती, ईद उल फितर, अंबेडकर जयंती, बैसाखी, रामनवमी, महावीर जयंती, महाराणा प्रताप जयंती, बुद्ध पूर्णिमा आदि त्योहारों के आयोजन के संबंध में चर्चा की गई

### यह रहे उपस्थित

पुलिस अधीक्षक डॉ गुरूकरण सिंह, आचार्य गोपाल प्रसाद खड्डर, शहर काजी अशफाक अली, हंस राय, मनोहर बड़ानी, एसडीएम नर्मदपुरम नीता कोरी, डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट शराजेश जैन, सहित समिती सदस्य उपस्थित रहे।

# थानों के परिसीमन के बाद देहात थाने का बढ़ा दायरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पुलिस विभाग द्वारा थानों की सीमा का परिसीमन किया गया है। जिससे लोगों को थाने संबंधी अथवा विवाद की स्थिति में एफआईआर दर्ज कराने के लिए नजदीकी थाने में पहुंचकर एफआईआर दर्ज करा सकेंगे।

विदित हो कि जिले में थानों के परिसीमन के बाद नर्मदापुरम के देहात थाने का दायरा बढ़ा दिया गया है। पुलिस अधीक्षक गुरकरन सिंह ने बताया कि जिले में थानों की सीमा का परिसीमन हो चुकी है। अब परिसीमन के आधार पर ही एफआईआर दर्ज हो सकेगी। विदित हो कि नर्मदापुरम में तिवारी कालोनी से लेकर डबल फाटक की हिल व्यू होम कालोनी तक एरिया कोतवाली में नहीं रहेंगे। यहां रहने वाले लोगों को अब कोई भी विवाद की स्थिति में देहात थाना पहुंचना होगा। इतना ही नहीं वर्तमान में देहात थाना भी परिसीमन के बाद कोतवाली सीमा में न रहकर स्वयं की सीमा में ही होगा। परिसीमन होने से अब हिल व्यू होम्स के साथ साथ आसपास के जो कालोनियां पूर्व में कोतवाली में सम्मिलित की गई थी उन्हें देहात थाने में मर्ज किया गया है। इसके अलावा ग्राम पालनपुर और तालनगरी गांव भी डोलरिया थाने में आते थे अब दोनों गांव को देहात थाने में शामिल कर लिया गया है। थाने का परिसीमन माखननगर, तवा नगर, केसला, पथरोटा, सिवनीमालवा, पिपरिया में भी किया गया है। इटारसी की सीमा में दूसरे थानें नहीं गए हैं लेकिन कुछ एरिया ही थाने में जोड़े गए हैं। पुलिस परिसीमन के हिसाब से ही अब विवाद की स्थिति निर्मित होने पर एफआईआर दर्ज कर सकेगी।

## खबर संक्षेप

### एक दिवसीय रासेयो शिविर का आयोजन

**शहपुर।** शासकीय महाविद्यालय शाहपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना संयुक्त इकाई के द्वारा मंगलवार को एक दिवसीय शिविर का आयोजन ग्राम बांका में किया गया। 35 स्वयंसेवक सहित 5 सहायक प्राध्यापकों के दल को प्राचार्य एमडी वाघमारे ने हरी झंडी दिखाकर रवानगी दी।शिविर के अंतर्गत रासेयो के स्वयंसेवकों द्वारा सिकलसेल एनीमिया पर घर घर जाकर सर्वेक्षण कार्य किया गया। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी नीतू जायसवाल माहोरे ने बताया कि ग्राम में सिकलसेल पीड़ति की जानकारी एकत्रित करने हेतु स्वयंसेवको को मार्गदर्शन प्रदान किया गया था ,जिससे वे सम्बंधित जानकारी एकत्र कर सकें।डॉ संजय बाणकर के नेतृत्व में ग्राम में मतदाता जागरूकता पर रैली भी निकाली गई। प्रो. रोहित ठाकुर के नेतृत्व में 35 छात्र-छात्रों के दल ने सफलतापूर्वक जल निकासी एवं जल सरंक्षण के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया।डॉ ज्योति वर्मा,डॉ राकेश हनोते,डॉ सुभाष वर्मा ने सम्पूर्ण गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाई।

### 5 साल का समय बीता पर संसद नहीं खुलवा पाए एक भूमिगत खदान

**सारनी।** अबकी बार 400 का आंकड़ा पार का नारा लगाने वाली भारतीय जनता पार्टी डबल इंजन की सरकार होने के बाद भी कोयलांचल क्षेत्र पाथाखेड़ा में एक भूमिगत खदान नहीं खुलवा पाएए 5 साल का कार्यकाल सांसद दुर्गादास उइके का खत्म हो गया लेकिन खदान की सौगात नहीं मिल पाई।इससे अंदाजा लगाया जा सकता है की डबल इंजन की सरकार होने के बाद अनापत्ति प्रमाण पत्र वेकोलि प्रबंधन को नहीं दिला पाई जिसकी वजह से सन 1989 से पेंडिंग पड़े तवा थ्री का कार्य शुरू नहीं हो पाया है।जबकि पड़ोसी जिला छिंदवाड़ा में चार भूमिगत खदानें खुला दी गई है और उनसे कोयले का खनन का कार्य जारी है। लेकिन जिला प्रशासन और सांसद घोड़ाडोंगरी ब्लॉक के हीरापल्ला गांव के किसानों को ही समझाइए नहीं दे पाई इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि 5 वर्ष का लंबा समय बीत जाने की बात एक भूमिगत खदान खुलवाने में सांसद विफल रहे ऐसे में उन्हें दूसरे कार्यकाल की उपाधि देना मतलब क्षेत्र का पूर्ण विकास होना असंभव दिखाई दे रहा है।भारतीय जनता पार्टी के नेता भली विकास का दम भरे लेकिन जमीनी हकीकत अलग है।संपूर्ण बैतूल जिले में रोजगार के संसाधन उपलब्ध नहीं है इसकी वजह से जिले के दसों ब्लॉक से आदिवासी सहित दूसरे समाज के लोग रोजगार के तलाश में बाहर पलायन कर रहे हैं।इससे दुखद पहलू और क्या हो सकता है कि आदिवासी संसद के रहने के बाद भी आदिवासी समाज के लोगों को दूसरे राज्य में रोजगार की तलाश में जाना पड़ता है और बैतूल जिले के आदिवासियों को दूसरे राज्य में बंधक बनाकर उनसे कार्य करवाया जाता है यदि बैतूल जिले में डबल इंजन की सरकार का असर रहता तो निश्चित तौर से रोजगार के संसाधन उपलब्ध होते लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही दिखाई दे रही है।प्रदेश की भाजपा सरकार सन 2012 से विद्युत गृह सारनी में इकाई की सौगात देने का दम भर रही है लेकिन जमीनी हकीकत अलग ही दिखाई दे रही है। ऐसी स्थिति में आगामी लोकसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के तरफ से प्रत्याशी बनाए दुर्गादास उइके पर बैतूल जिले के मतदाता कैसे विश्वास कर सकते हैं।

### पाथाखेड़ा बीट प्रभारियों की अनोखी कलाकारी

# मिट्टी के स्थान पर डाल रहे पीली बजरी, विभाग के अधिकारी मौन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

उत्तरवन परिक्षेत्र के पाथाखेड़ा डिप्टी रेंजर के माध्यम से 372 हेक्टेयर के क्षेत्रफल में ;राख बाधद्ध मे मिट्टी के जगह पर पीली बाजरी डालकर पौधारोपण किया जाने की तैयारी की जारी हैएजो कि नियम के विरुद्ध है वन विभाग के आला अधिकारी भोपाल से पाथाखेड़ा पहुंचकर मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के माध्यम से लगभग 372 हेक्टेयर भूमि वन विभाग के दी गई है।

इस भूमि पर 20 मीटर लगभग 66 फीट राख का भंडारण है और यह क्षेत्र मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी ने वन विभाग के सुपरत किया है लेकिन वन विभाग इस भूमि को लेने को तैयार नहीं था यहां पर डेढ़ फीट मिट्टी डालकर पौधारोपण किया जाने की बात वन विभाग के माध्यम से किया जा रहा था लेकिन भोपाल के अधिकारियों के माध्यम से जब इस स्थान का निरीक्षण किया गया तो उन्होंने कहा कि केवल पौधारोपण के लिए जो गड्ढे खोदे जाएंगे वहां पर मिट्टी डालकर पौधों का रोपण होगा लेकिन उत्तर वन परिक्षेत्र के पाथाखेड़ा डिप्टी रेंजर के माध्यम से स्वयं एवं दूसरे ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से मिट्टी के स्थान पर बजरी डालने का कार्य किया जा रहा है। ऐसा नहीं कि इसकी जानकारी उत्तरवन परिक्षेत्र एवं सारनी एसडीओ को जानकारी ना हो लेकिन न जाने क्यों डिप्टी रेंजर पाथाखेड़ा को यह मिट्टी के नाम पर बजरी डालने का काम किस व्यक्ति को सौपा गया यह जांच का विषय बना हुआ है। मिट्टी के स्थान पर यदि पीले कलर की बजरी डाली जाएगी तो पौधों का विकास होना संभव नहीं है और जितने बड़े कंपार्टमेंट एरिया में यह पौधारोपण किया जाने की तैयारी की जा रही है ऐसे में यह तैयारी धरी की धरी रह जाएगी और वन विभाग के हाथ केवल सूखी हुई लड़कियां ही बच पाएगी हालांकि यहां पर लंबे समय से खरपतवार और बेवजह के पेड़ पौधों की भरमार भी हो गई है।बैतूल के सीसीएफ को इसकी शिकायत करके मिट्टी के स्थान पर बजरी डाले जाने वाले मामले की जांच कर कर इसमें दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की जा रही है।

#### बजट ज्यादा होने की वजह से पौधरोपण वाले स्थान पर ही डालेगी मिट्टी

*मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के माध्यम से 372 हेक्टेयर भूमि वन विभाग के सुब्रतनामा किया गया है वन विभाग के माध्यम से पहले यहां पूरे क्षेत्र में 3 फीट मिट्टी डालकर दिए जाने की बात की गई थी लेकिन इसमें ज्यादा बजट आने की वजह से और वन विभाग के भोपाल के अधिकारियों के दौरे के बाद यह निर्णय लिया गया कि इस पूरे क्षेत्र में मिट्टी डालने के बजाय जिस स्थान पर पौधारोपण किया जाएगा वहां पर गड्ढा खोदकर उतने क्षेत्र में ही मिट्टी डालने का कार्य किया जाएगा यदि वन विभाग के छोटे या बड़े अधिकारी कर्मचारियों के माध्यम से मिट्टी के स्थान पर बजरी डालने का कार्य किया जा रहा होगा तो यह मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी और वन विभाग के नियमों के विपरीत बात होगी।*

#### निरीक्षण करेंगे...

राख बाध पर जो पौधारोपण किया जाना है वहां पर मिट्टी डालकर ही पौधारोपण किया जाएगा। यदि उसे स्थान पर मिट्टी के जगह और कुछ डाला है तो मौके का निरीक्षण किया जाएगा वर्तमान समय में मैं एक कार्य में बिजी हूं। फ्री होकर फिर आपसे चर्चा करता ।

**हरशुलाल उइके,**
डिप्टी रेंजर पाथाखेड़ा

### 3 साल का बालक घर से हो गया था लापता

## पुलिस की सक्रियता से डेढ़ घंटे में बालक पहुंचा अपने घर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

नगर के महावीर वार्ड में रहने वाला एक ढाई से तीन साल का बालक आज खेलते खेलते घर से लगभग 1 किलोमीटर रेलवे स्टेशन जा पहुंचा था। जब परिजनों ने उसे सब ओर खोज लिया और बच्चा नहीं मिला तो परिजन तुरंत थाना पहुंचे और बच्चे के गुम होने की सूचना पुलिस को दी।

पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए लगभग डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद बच्चे को खोज निकाला है और बच्चे को परिजनों के सुपुर्द किया है। थाना प्रभारी प्रज्ञा शर्मा ने बताया कि महावीर वार्ड निवासी शिव अरोड़ा और उनकी पत्नी ने थाने जाकर सूचना दी थी कि उनका 3 साल का बेटा ओम घर से खेलते खेलते गायब हो गया है। पूरे मोहल्ले और पड़ोसियों के घरों में बच्चे को ढूंढा गयाए लेकिन बच्चा नहीं मिला। जिसके बाद वह थाना सूचना देने आए। थाना प्रभारी प्रज्ञा शर्मा ने तुरंत ही छत्रपाल धुर्वे के नेतृत्व में दो टीमों का गठन किया। जिसमें महिला आरक्षक सोनू ठाकुरए विवेक चौरे सहित अन्य पुलिसकर्मियों को शामिल किया गया और बच्चे को नगर में खोजना शुरू किया। इसके लिए सीसीटीवी कैमरे सहित लोगों से पूछताछ भी की गई। लगभग डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद बच्चा रेलवे स्टेशन रोड के पास खेलते हुए मिला। लोगों ने बताया कि बच्चा खेलते खेलते रेलवे स्टेशन तक जा पहुंचा था। बच्चा मिलने के बाद पुलिस ने बच्चा परिजनों को सौंप दिया है। अपना बच्चा वापस पाकर दोनों माता.पिता बहुत खुश है।

### नायब तहसीलदार ने किया बालक आश्रम का औचक निरीक्षण

## आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षक का स्तर बेहतर हो, इसलिए निरीक्षण जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी



प्रदेश सरकार के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित होने वाले आदिवासी शासकीय माध्यमिक शाला और छात्रावास और आश्रम में कैसी व्यवस्था है इसका अवलोकन करने के लिए मंगलवार को सारणिक नायब तहसीलदार संतोष पथोरिया के माध्यम से औचक आदिवासी बहुल क्षेत्र के ग्राम बैलोण्ड में आदिवासी बालक आश्रमएछात्रावास का निरीक्षण किया।

श्री पथोरिया ने आश्रम के साथ उसी परिसर में बने शासकीय माध्यमिक विद्यालयएबैलोण्ड का भी निरीक्षण किया।निरीक्षण में छात्रावास में भोजन कक्षएशयन कक्ष व किचिन शेड के साथ शौचालय में साफ सफाई देखी। साग सब्जियां व खाद्य सामग्री की गुणवत्ता देखी व बच्चों से रहने खाने व पढ़ाई के बारे में चर्चा की एवं बच्चों से उनकी समस्याएं के बारे में पूछा तो सभी बच्चों ने एक स्वर में कहा कि उन्हें कोई समस्या नहीं है और नायब तहसीलदार ने आठवीं कक्षा के बच्चों को गणितएहिंदी व विज्ञान विषय के बारे में पढ़ाया व उनसें भी प्रश्न हल करवाये। साथ ही बच्चों को बाल कटवानेएनाखून काटकर साफ सफाई से रहने की सलाह दी। किचिन शेड में जाकर मीनू अनुसार बनने वाले मध्यान्ह भोजन को भी चैक किया। जिसमें मीनू अनुसार ही खीर पूड़ी बनती मिली। निरीक्षण के दौरान छात्रावास अधीक्षक एमएएफणतेम्रवाल को निर्देश दिए कि वह बच्चे के बाल कटवाने के लिए कटिंग वाले को छात्रावास में ही बुलाकर कटिंग बनवाएं एवं किचिन शेड की दीवारें धुंए से काली हो रही है तो किचिन की पुताई करवाकर साफ सुथरी करवाएं। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि यदि ग्रामीण क्षेत्र में शासन के माध्यम से संचालित होने वाले आश्रमों में व्यवस्था बेहतर होगी तो वहां के आदिवासी बच्चे पढ़ाई के साथ.साथ खेलकूद और अन्य गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन करने का कार्य करेंगे उन्होंने संचालित वार्ड बॉय को निर्देशित किया है कि वहां पर मेनू के अलावा अतिरिक्त किसी भी तरह की खाद्य सामग्री का निर्माण किया गया और बच्चे साफ सुथरे अवस्था में नहीं पाए गए तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## स्वच्छता प्रेरणा समारोह के तहत शहर के पार्कों-स्मारकों की सफाई मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का किया प्रसारण

### नगर पालिका परिषद सारनी में आयोजित हुआ स्वच्छता मित्रों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी



नगर पालिका परिषद सारनी मे मंगलवार को स्वच्छता प्रेरणा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर सारनीए पाथाखेड़ा एवं शोभापुर कॉलोनी में सुबह 8 से 10 बजे तक जनप्रतिनिधियोंए अधिकारीएकर्मचारियों और स्वच्छता मित्रों ने पार्कोएस्मारकोंएप्रतिमा स्थलों की सफाई की।

दोपहर में 3 बजे से लाल परेड मैदान भोपाल से मुख्यमंत्री डॉण्मोहन यादव के संबोधन का वेब टेलीकास्ट के माध्यम से लाइव प्रसारण किया गया।वेब टेलीकास्ट कार्यक्रम का प्रसारण नगर पालिका सभाकक्ष में किया गया। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदेए उपाध्यक्ष जगदीश पवारए पार्षद भीम बहादुर थापाएगणेश मस्कीए योगेश बर्डेएज्योति नागलेएप्रवीण सोनीए चंद्रा सोनेकरएमुख्य नगर पालिका अधिकारी सीके मेश्रामएसुधा चंद्राएबबलू नरेंएमनीष धोटेए स्वच्छता निरीक्षक केके भावसार की उपस्थिति में स्वच्छता मित्रों का सम्मान किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता का मंत्र दिया और पूरे देश ने इसे अभियान के रूप में स्वीकार किया। यही कारण है कि आज नगर पालिका परिषद सारनी 50 हजार से एक लाख की जानसंख्या वाले शहरों की प्रतिस्पर्धा में वेस्ट जोन में 130 में से 11वेंएप्रदेश में 27 में से 5वेंएराष्ट्रीय स्तर पर 3970 में से 71वें स्थान पर रही है। इसे हम नंबर वन बनाएंगे। इस अवसर पर स्वच्छता मित्रों का सम्मान किया गया। इससे पूर्व सुबह 8 से 10 बजे तक सारनी में जय स्तंभ चौक एवं एमपीईबी पार्क की सफाई की गई। वहीं बस स्टैंड और शहीद स्मारक पर भी सफाई अभियान चलाया गया। इसी तरह पाथाखेड़ा बस स्टैंडएडॉण बाबा साहब अंबेडकर प्रतिमा स्थलएशहीद सनील पवार प्रतिमा स्थल पर सफाई की गई। शोभापुर में डॉण्बाबा साहब अंबेडकर प्रतिमा स्थल पर सफाई अभियान चलाया गया।कार्यक्रम में नोडल अधिकारीगण रविंद्र वराठेएकमलेश पटेलए नितिन मीनाएसहायक लेखाधिकारी ब्रजेश नागर सहित बडी संख्या में अधिकारीएकर्मचारीए सफाई मित्र एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

#### इन सफाई मित्रों का किया गया सम्मान



नगर पालिका परिषद सारनी के 36 वार्डों में तत्परता के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करने वाले कर्मचारी दरोगाओं को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित करने का कार्य किया गया है ताकि वे भविष्य में भी नगर पालिका परिषद सारनी के 36 वार्डों में अपनी बेहतर सेवा देख सके। सम्मानित होने वालों में सफाई दरोगा जीवनलाल बोहितए कलाचंद सिंदूरएअजय चंदेलेएलक्ष्मण बोहितए किशोरी सोनाएविनोद परिहारएरामकरण पथरोटएश्याम सोनीए संदीप डोंगरेएबनारसीए छंगा प्रसादएशोभा पंडितएसुनीता सिंदूरए सुआदई कुमारएमंजूरी डोंगरेएममता बामनेए भवानीदीन लोयिएमालती सागरएबबीता सागरएविष्णु डोंगरेए डालीमा सिंदूरएसुब्रकेशी सिंदूरएगोपाल सोनाएगया प्रसादएसंजू लहयाए मोहन पटवा को प्रमाण पत्र एवं स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### अभिभावकों को सता रही बच्चों के भविष्य की चिंता

## पोर्टल पर शाहपुर के प्राइवेट स्कूल अपडेट नहीं दिखाने के कारण नागरिक-बच्चे हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहपुर



मध्य प्रदेश शासन की योजना शिक्षा के अधिकार (आरटीई) में ऑनलाइन प्रक्रिया में नगर परिषद शाहपुर के ग्रामों और वार्डो का पोर्टल पर शो नहीं होने के कारण छोटे बच्चे और उनके माता पिता अत्यधिक परेशान हो रहे हैं।

शिक्षा के अधिकार की नीति तो यह कहती है कि गांव , क्षेत्र एवं शहर का हर बच्चा शिक्षा के अधिकार से जुड़ा रहे, लेकिन इसके विपरीत आज नगर परिषद शाहपुर में यह मामला देखने को आया है कि ऑनलाइन पोर्टल पर शाहपुर नगर परिषद के प्राइवेट स्कूल शो नहीं कर रहे हैं। जिससे ग्राम के छोटे-छोटे बच्चे और उनके माता-पिता ऑनलाइन की दुकानों पर दर-दर भटक कर परेशान हो रहे हैं। बीआरसी ऑफिस में भी जाते हैं। तो वहां से किसी प्रकार का संतुष्टि वाला जवाब नहीं मिल पा रहा है। क्योंकि मंगलवार ऑनलाइन प्रक्रिया की 5 तारीख अंतिम है। अगर यह तारीख भी निकल जाती है। तो बहुत से बच्चे शिक्षा के अधिकार से वंचित हो जाएंगे। इनके भविष्य के खिलवाड़ में राज्य और जिला शिक्षा केंद्र की अहम भूमिका होगी।

### अधर में लटका साप्ताहिक एवं दैनिक बाजार स्थल परिवर्तन का मामला

**मुलताई।** जिला कलेक्टर के आदेश के बाद प्रारंभ हुई साप्ताहिक बाजार और दैनिक बाजार स्थान परिवर्तन की प्रक्रिया एक महा बाद भी परवान नहीं चड़ सकी है। जिला कलेक्टर के आदेश के बाद पुराने नागपुर रोड पर साप्ताहिक बाजार लगाया जाना था और नाका नंबर एक पर लगने वाली दैनिक बाजार सब्जी भाजी की दुकानो को कृषि मंडी के बाजू में वीरान मार्ग पर लगाने का निर्णय लिया गया था। स्थल का चयन हुआ एसडीएम तृप्ति पटैरयाए नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा गडेकरए मुख्य नगर पालिका अधिकारी आर के इवनाती तहसीलदार अनामिका सिंह ने स्थल निरीक्षण किया राजस्व अमले को सीमांकन के आदेश दिए गए सीमांकन हुआ ग्राम पंचायत कामथ एवं मुलताई नगर पालिका ने प्रस्तावित बाजार स्थल का लाखों रुपए खर्च कर समतली करण किया गया अतिक्रमण हटाया गया और इसके बाद मामला ठंडा बस्ते में चला गया अब आगामी समय में साप्ताहिक एवं दैनिक बाजारों को व्यवस्थित लगाया जाएगा ऐसा कहना कठिन लग रहा है। स्टेट बैंक के सामने नगर का साप्ताहिक बाजार आग्ल स्कूल के खेल मैदान पर लगता है एक तो बाजार लगने से स्कूली बच्चों के पास खेल मैदान समाप्त हो गया है दूसरा यह की स्कूल में अध्यनरत विद्यार्थियों को गुरुवार बाजार के दिन भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है क्योंकि स्कूल के ठीक सामने मिर्ची बाजार लगता है।

## बजरंग मंदिर में चल रही शिवपुराण में हो रहा शिव की सुंदर महिमा का वाचन

### पं. दिनेश तिवारी के मुखारविंद से की जा रही कथा वाचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहपुर



आज शाहपुर के प्राचीन लमटी बजरंग मंदिर में चल रही महाशिवपुराण कथा पंडित दिनेश तिवारी झगड़िया वाले के मुखारविंद से की जा रही है ।

यह सुंदर शिव महापुराण कथा में भगवान शिव की सुंदर महिमा का वाचन किया जाता है। एवं भक्तगण उपस्थित होकर भगवान भोलेनाथ की महिमा श्रवण कर पुन्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। यह शिव पुराण कथा 2 मार्च से प्रारंभ हुई है। प्रतिदिन इस शिव पुराण कथा का वचन 2:00 से 5:00 तक किया जाता है। एवं सुबह से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक पूजन प्रातः 7 से 9:00 बजे तक किया जाता है। भारत भारती गांव के उच्च सरे परिवार के द्वारा यह सुंदर धार्मिक आयोजन महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर किया जा रहा है। एवं उनके द्वारा शाहपुर नगर के सभी भक्तगणों से अनुरोध किया गया है, कि अधिक से अधिक लमटी हनुमान मंदिर आमढाना में उपस्थित होकर और कथा श्रवण कर पूजन अर्चन एवं शिवरात्रि के दिन महाप्रसादी के आयोजन में उपस्थित होकर प्रसाद का लाभ उठाएं।

## बैतूल इंटर्नेसिया इंडिया मार्केटिंग कम्पनी पर प्रशासन ने मारा छापा

**बैतूल।** सदर में लिंक रोड पर ममता मेटरनिटी नर्सिंग होम्स के सामने स्थित इंटरनेशनल मार्केटिंग कंपनी के दफ्तर पर आखिर मंगलवार को एसडीएम, तहसीलदार और कोतवाली पुलिस टीआई की टीम ने छापा मार दिया। दरअसल, मार्केटिंग कंपनी द्वारा कई युवाओं से नौकरी दिलाने के बहाने लाखों रुपए की राशि के वारे-न्यारे कर दिए थे। पिछले दिनों एक शिकायतकर्ता ने अधिकारियों को शिकायत की थी, इसके बाद प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने कंपनी के दफ्तर पर छापा मारा। अधिकारियों ने कंपनी के दफ्तर से कागजात जप्त कर जांच शुरू कर दी है। शहर में कई मार्केटिंग कंपनियों ने आमद देकर युवाओं को ठगने में कसर नहीं छोड़ी है। बड़े और ऑलीशान दफ्तर खोलकर बेरोजगार युवाओं को सब्जबाग दिखाकर लाखों रूपए ठगने के बाद इन कंपनियों की असलियत सामने आ रही है। ताजा मामला इंटरनेशिया मार्केटिंग कंपनी लिंक रोड द्वारा युवाओं को ठगी करने का मामला सामने आया। 27 फरवरी और 1 मार्च को कैलाश वसूले, वैशाली मोखड़े और पूजा समेत अन्य शिकायतकर्ताओ ने कलेक्टर और एसडीएम को शिकायत कर कंपनी के फर्जीवाड़े की शिकायत की थी, इन्होंने बताया था कि कागजात पर हस्ताक्षर करवा कंपनी ने उनसे हजारों रूपए की राशि ले ली है, लेकिन नौकरी दिलाने के नाम पर धोखा दिया गया।

#### इनका कहना है

कम्पनी द्वारा नौकरी दिलाने के नाम पैसे लेने की शिकायत के बाद छापा मारा गया था। शुरुआती जांच में कमर्शियल अनुमति न मिलने की जानकारी मिली हैं। अन्य दस्तावेज जब्त किए गये है। श्रम अधिकारी को एसडीएम साहब ने जांच सौंपी है, तब तक कंपनी का कार्यालय भी बंद किया जाएगा।

**अतुल श्रीवास्तव,** तहसीलदार, बैतूल

### कर्मचारियों के आंदोलन का दूसरा दिन

## शासन सद्बुद्धि के लिए नपा कर्मचारियों ने किया यज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई



नगर पालिका के समस्त दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों ने नियमित करने की मांग को लेकर सामूहिक तौर पर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे। इसके लिए सभी ने सामूहिक तौर पर अवकाश लिया हैं। सभी कर्मचारी नगर पालिका के सामने हड़ताल पर बैठ गए हैं। इधर आज कर्मचारियों ने सरकार की सद्बुद्धि के लिए मा ताप्ती का हवन यज्ञ किया है।

कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें जब तक नियमित नहीं किया जाएगाए उनका आंदोलन जारी रहेगा। लंबे समय से कर्मचारी काम कर रहे हैंए लेकिन उसके बाद भी उन्हें नियमित नहीं किया जा रहा है। कर्मचारी श्याम सेवतकर ने बताया कि बैतूल जिले की समस्त निकायों के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों का विनियमितीकरणए स्थाईकमी कर्मचारियों के नियमितीकरण किए जाने के लिए सभी कर्मचारियों को बैतूल जाना है। इसके लिए 4 से 6 मार्च तक का सभी कर्मचारियों ने सामूहिक अवकाश लिया है। कर्मचारियों के जिला उपाध्यक्ष श्याम सेवतकर ने मांग की है कि नगरीय निकाय मुलताई में कार्यरत समस्त दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियोंए स्थाईकर्मियों को नियमित किया जाना चाहिए।कर्मचारियों ने बताया कि लंबे समय से कर्मचारी नियमित स्थाई करने की मांग कर रहे हैं। लेकिन इसको लेकर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई हैए जिसको लेकर कर्मचारियों में भारी आक्रोश है।

### दोषियों पर अभी तक नहीं हुई कोई कार्रवाई

# शासकीय चना चोरी का मामला, 3 दिन बाद भी नहीं हो पाई जांच पूरी

**मीरा वेयर हाउस में हुई शासकीय चना की चोरी मामले को तीन दिन बीत चुके हैं लेकिन अभी तक इसकी कोई जांच नहीं हो पाई है, जबकि कलेक्टर ने जिला स्तरीय टीम का गठन किया था।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा



सिवनी मालवा तहसील में शनिवार रात मीरा वेयर हाउस से शासकीय चने की चोरी के मामले में तीन दिन बीत चुके है, परन्तु अभी तक जांच नहीं हो पाई है। चना चोरी के मामले के लिए कलेक्टर नर्मदापुरम ने जिला स्तरीय टीम का गठन किया था जिसमे डीएसओ ज्योति जैन, उपसंचालक कृषि जेआर हेडाऊ, डीएमओ देवेन्द्र यादव, वेयर हाउस जिला प्रबंधक नगीन वर्मा को रखा गया है। जिन्होंने रविवार को देर रात तक वेयर हाउस में जांच की। जिसकी जांच रिपोर्ट कलेक्टर नर्मदापुरम को सौंपा जाना था परन्तु अब तक जांच रिपोर्ट नहीं सौंपी गई है। वेयर हाउस कॉर्पोरेशन के जिला प्रबंधक नगीन वर्मा ने बताया की कलेक्टर नर्मदापुरम के निर्देश पर टीम का गठन किया गया था। टीम ने जांच रिपोर्ट तैयार की है, जिसे कलेक्टर नर्मदापुरम को सौंपा जाएगा। सोमवार को टीएल की बैठक होने के चलते आगे की कार्रवाई नहीं की जा सकी। साथ ही मंगलवार को जनसुनवाई होने के चलते कार्रवाई नहीं हो पाई है। आपको बता दें की जांच करने आये कृषि विभाग के उपसंचालक जेआर हेडाऊ ने बताया था अब तक हुई जांच में वेयर हाउस में जो सकन्ध भंडारित है उसकी गिनती की गई है। चना सकन्ध के अतिरिक्त अवैध रूप से शासकीय अनुबंधित वेयर हाउस में लगभग 1316 बोरी मूंग की पाई गई है, जिसकी जब्ती वेयर हाउस के जिला प्रबन्धक के से करवाई गई है। रविवार की कार्रवाई के बाद सोमवार और मंगलवार को टीम सिवनीमालवा नहीं पहुंची। जिसका कारण अन्य विभागीय कार्यों की व्यस्थता बताया जा रहा है। जबकि टीम को जांच कर रिपोर्ट देते हुए दोषियों पर एफआईआर करवाना था। 2 दिनों तक कार्यवाही नहीं होना कई सवालों को जन्म दे रहा है।

# पुलिस थानों की दूरियां घटीं, बम्हनगांव वालों को शहर पार करके नहीं जाना पड़ेगा पथरोटा

### पुलिस थानों के परिसीमन में बम्हनगांव आया इटारसी थाने में

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

**पथरोटा, केसला, रामपुर, तवानगर के कई गांव इधर से उधर**

जिले के पुलिस थानों की गांवों से दूरियां घटी हैं। नये परिसीमन में जो गांव थानों से दूर थे, उनको समीप के थानों से जोड़ा है। नर्मदापुरम जिले के सभी अनुविभागों के थानों की सीमाओं का पुनर्निर्धारण किया है और मप्र राजपत्र में इसकी अधिसूचना भी जारी हो गयी है।

नये परिसीमन के बाद इटारसी अनुविभाग के ग्राम नांदनेर, कांदईकलॉ और बम्हनगांव को थाना पथरोटा से हटा दिया है। नांदनेर और कांदईकाल अब थाना रामपुर और बम्हनगांव को इटारसी थाने में मिला दिया है। इसी तरह से सिलारी, चिल्लई, कोठा, सोनतलाई, गजपुर, रूपापुर, धोबीखापा, बेलावाड़ा कैंप और ग्राम टपरिया को थाना तवानगर से रामपुर गुर्रा, ग्राम चाटुआ को थाना केसला से थाना रामपुर गुर्रा की सीमा में किया है। ग्राम अमझिरा (चंदखार) अब थाना केसला से थाना तवानगर की सीमा में आएगा। अनुविभाग सिवनी मालवा के अंतर्गत अब तक शिवपुर थाना सीमा के गांव गांगिया, चौकीगंवा और भैरोपुर को सिवनी मालवा में तथा डोलरिया के बघवाड़ा को भी सिवनी मालवा में मिलाया है। इसी तरह से ग्राम तालनगरी और पालनपुर को थाना डोलरिया से थाना देहात में शामिल किया है। अनुविभाग सोहागपुर के ग्राम गुलौन, ग्राम गोल, ग्राम गुलोन, ग्राम मेघली, ग्राम बम्होरीकलॉ को माखननगर से सेमरी हरचंद में शामिल किया गया है।

# नाबालिग ने टक्कर मारकर ग्रामीण को घायल किया

**इटारसी।** रामपुर थानांतर्गत एक नाबालिग वाहन चालक ने एक ग्रामीण को टक्कर मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने ग्रामीण की शिकायत पर 13 वर्षीय वाहन चालक के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध किया है। बता दें कि आजकल सड़कों पर नाबालिग वाहन चालक बेखौफ तेज रफ्तार में वाहन चलाते हैं। समय से पहले बड़े होने के भाव लिये ये फिल्मी हीरो की तरह कट मारकर निकलते हैं और ऐसे में कई बार दुर्घटनाएं होती हैं। ऐसे ही एक 13 वर्षीय वाहन चालक ने रामपुर थाना अंतर्गत दीपक उर्फ मोनू पिता नन्हेलाल बाथरी 30 वर्ष को टक्कर मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने नाबालिग के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है।

# 1 करोड़ 16 लाख की लागत से होगा स्वीमिंग निर्माण कार्य, प्रस्ताव पर सहमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



नगर पालिका परिषद में पार्षदों के साथ बैठक का आयोजन किया गया जिसमें एक करोड़ 16 लख रुपए की लागत से स्विमिंग पूल की सुविधा जनता को समर्पित की जावेगी नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल ने बताया कि दीनदयाल उपाध्याय पार्क में फिल्टर प्लांट के पास स्विमिंग पूल का निर्माण किया जावेगा जिसमें परिषद ने प्रस्ताव पास कर दिया है प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। अपने बताया कि 6 प्रस्ताव पास हुए हैं जिम स्विमिंग पूल नया पार्क फिल्टर प्लांट के पास बनेगा इसके अलावा संचित निधि से कर्मचारियों के ई,पी,एफ जीएफ एवं एनपीएस के भुगतान के लिए शासन से अनुमति लेने का प्रस्ताव पास हुआ है स्वामित्व मंडी पर निदान हॉस्पिटल की ओर प्लाटों की नीलामी का प्रस्ताव सरदार वार्ड की ओर ब्लॉक के प्लाटों की नीलामी का प्रस्ताव नगर पालिका की हॉस्पिटल निदान की तरफ ए ब्लॉक प्लॉट क्रमांक 2 की जमा राशि रात साथ कर प्लांट दोबारा नीलामी कर सुबह पर बस स्टैंड की राइट की लवी की दुकान क्रमांक 24 की राशि जमा राजशतकर प्लांट की नीलामी प्रस्ताव के मंजूर हुए हैं। सभी का नक्शा तैयार हो चुका है 200 वर्ग फुट में बच्चों के लिए सुरक्षित स्विमिंग पूल रहेगा जिसकी गहराई 5 फीट रहेगी ऑफिस तूने रूम टॉयलेट शावर भी तैयार किए जाएंगे। बैठक के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी आरपी नायक एवं उपाध्यक्ष संतोष परते सभी पार्षद कौशल्या ठाकुर नरेंद्र पटेल एवं सभी 21 पार्षद उपस्थित रहे नगर पालिका के लेखपाल एवं सभी सांसद प्रतिनिधि विधायक प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे छह प्रस्ताव पर नगर पालिका ने अपनी मोहर लगाई। तथा इस दौरान नगर पालिका के द्वारा नारी शक्ति बंदन अभिनंदन समारोह का भी आयोजन किया गया। इसमें महिला हितग्राहियों को स्वागत सम्मान करते हुए उन्हें विभिन्न योजनाओं के प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए।

### जिला स्तरीय किसान विज्ञान मेला का आयोजन 7 मार्च को किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर नर्मदापुरम सोनिया मीना ने बताया है कि जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेला का आयोजन 7 मार्च को कृषि विज्ञान केन्द्र गोविंदनगर तहसील बनखेड़ी में किया जाएगा।

कलेक्टर सोनिया मीना ने जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेला आयोजन के संबंध में आदेश जारी कर सर्वसंबंधितो यथा किसान कल्याण तथा कृषि विकास, उद्यानिकी, पशुपालन एवं डेयरी, कृषि अभियांत्रिकी, रेशम, मत्स्य, महिला एवं बाल विकास, कृषि विज्ञान केन्द्र गोविंद नगर, कृषक उत्पादन संगठन एफपीओ, एमपी एग्रो/इफको, मार्कफेड, एनएफएल के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे कार्यक्रम स्थल पर प्रदर्शनी लगाए। इस कार्य के लिए नोडल अधिकारी सहायक संचालक कृषि राजीव यादव मोबाईल नंबर 9755623436 को नियुक्त किया गया है।

# राहुल गांधी की यात्रा न्याय नहीं अन्याय यात्रा कांग्रेस के पास न नेता है न नीति : नारोलिया

### राज्यसभा सांसद का दावा-इस बार होगी भाजपा की सबसे बड़ी जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा



आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी की तैयारियां शुरू हो गई है। जिसमें भाजपा के महिला मोर्चे के द्वारा महिलाओं को भाजपा के पक्ष के मतदान करने और भाजपा की जनहितैषी योजनाओं की जानकारी घर घर पहुंचाने के बारे में बताया जा रहा है। जिससे कि भाजपा को महिलाओं के ज्यादा से ज्यादा वोट मिल सके। तो वहीं नर्मदापुरम नरसिंहपुर लोकसभा क्षेत्र में भाजपा पिछली बार से बड़ी जीत के लिए कमर कस चुकी है।

गौरतलब है कि 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के राव उदय प्रताप सिंह ने कांग्रेस के शैलेंद्र दीवान को 5 लाख 53 हजार से ज्यादा वोटों से हराया था। राज्यसभा सांसद माया नारोलिया मंगलवार को सिवनी मालवा में भाजपा के मातृशक्ति अभियान में शामिल होने पहुंची। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा ने हनुमान मंदिर से रैली निकाली, जिसका समापन पार्किंग मैदान जयस्तंभ चौक पर किया गया। जहां राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने महिलाओं को संबोधित किया। जिसमें आगामी लोकसभा चुनाव में महिला मोर्चा की भूमिका में बारे में जानकारी दी। विधानसभा चुनाव के बाद अब भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव में भी अपने महिला मोर्चा को खासा सक्रिय कर चुकी है। जिसमें कई तरह के अभियान चला जनता के बीच भाजपा के कार्यकर्ता पहुंच केंद्र सरकार की नीतियों और कार्यो के बारे में जानकारी दे रहे है।

इसके पूर्व जाट समाज सहित अन्य लोगों ने बानापुरा में राज्यसभा सांसद का स्वागत किया। मीडिया से चर्चा के दौरान राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने कहा कि पिछली बार हम 5 लाख से ज्यादा वोटों से जीते थे, इस बार हमारी जीत उससे भी बड़ी होना है। भाजपा महिला मोर्चे की विधानसभा चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका रही थी, अब आगामी लोकसभा चुनाव में भी हमें अपना पूरा योगदान देना है। राहुल गांधी की यात्रा को लेकर माया नारोलिया का कहना है कि कांग्रेस के पास झूठ बोलने के अलावा कोई मुद्दा नहीं है। राहुल गांधी की यात्रा न्याय यात्रा नहीं अन्याय यात्रा है। कांग्रेस अंत की ओर है, खत्म हो गई है। कांग्रेस के पास कोई नेता नहीं है, नीति नहीं है। लालू यादव के बयान को लेकर कहना है कि यह सब पार्टी अब फोकट के गाल बजाने के काम कर रही है। कांग्रेस की स्थिति दयनीय है, कांग्रेस के बड़े बड़े दिग्गज नेता भारतीय जनता पार्टी में आ रहे हैं।

# एनएसएस दल को झंडी दिखाकर किया रवाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखन नगर की राष्ट्रीय सेवा योजना बालक इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम जावली में 11 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। शिविर दल को महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ नीता चौबे ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया इस अवसर पर जिला संगठक रासेयो प्रो. डीएस खत्री, महाविद्यालय के नोडल अधिकारी प्रो आर के चौकीकर डॉ आई एस कनेश पंकज बैरवा, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई कार्यक्रम अधिकारी प्रो. आरएस पटेल तथा सहायक राजकुमार पटवा क्रीड़ा अधिकारी, अशोक पाटिल आवश्यक सहयोग हेतु उपस्थित रहेंगे। शिविर दल नायक विशाल दुबे, वरिष्ठ स्वंय सेवक गोपाल मेहरा, सौरभ अहिरवार, अनिकेत राजपूत, विनय कीर, यश मेहरा कुमार, बाल संरक्षण क्लब अध्यक्ष गोविंद गोस्वामी, विकास यादव महाविद्यालय स्टाफ एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# विधायक सुदेश राय ने प्रदान किए श्रवण यंत्र



**सीहोर।** जिला अस्पताल में विश्व श्रवण दिवस के अवसर पर जन्म दोष पर कार्यशाला आयोजित की गई। इस अवसर पर 60 व्यक्तियों की जांच की गई जिसमें 20 बच्चे शामिल थे। कार्यक्रम में विधायक सुदेश राय द्वारा 10 व्यक्तियों को श्रवण यंत्र प्रदान किए गए । यह श्रवण यंत्र सामाजिक न्याय विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए हैं । इस अवसर पर विधायक श्री राय ने कहा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र के माध्यम से बेहतर सुविधाएं प्रदान की जा रही है । प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुविधाजनक और आमजनों के लिए आसान बनाने का कार्य किए जा रहे है । जिला चिकित्सालय के अतिरिक्त सह कार्यक्रम समस्त सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, समस्त पीएचसी एवं ग्राम आरोग्य केन्द्रों पर भी आयोजित किया गया। सिविल सर्जन डॉ.प्रवीर गुप्ता, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ.सुधीर श्रीवास्तव द्वारा जन्म दोषों के बारे में बचाव एवं इलाज संबंधित जानकारी दी गई ।

# एमजीएम कॉलेज में खेल के साथ तीन दिनी वार्षिकोत्सव-24 'उमंग' का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय इटारसी में तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव 2024 उमंग का शुभारंभ जन भागीदारी अध्यक्ष डॉ नीरज जैन, प्राचार्य डॉ राकेश मेहता, गणित विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ रश्मि तिवारी, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. ओपी शर्मा एवं वार्षिकोत्सव प्रभारी डॉ. संतोष कुमार अहिरवार की उपस्थिति में बल बुद्धि के दाता बजरंगबली के समक्ष श्रीफल तोड़ कर शुभारंभ किया। तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव के प्रथम दिन में खेल गतिविधियों में (बालक/बालिका)100 मीटर दौड़, गोला फेंक, कुर्सी दौड़, रंगोली एवं मेंहदी प्रतियोगिता हुई। प्राचार्य डॉ राकेश मेहता ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि ऐसे आयोजन से विद्यार्थियों में क्षमताएं बढ़ती हैं और नई-नई प्रतिभाओं को अवसर प्राप्त होता है। जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष डॉ नीरज जैन ने कहा कि विद्यार्थी अपने तन, मन से जब किसी भी खेल में भाग लेते हैं तो वह एक दिन अपने लक्ष्य को जरूर प्राप्त करते हैं। उन्होंने प्रीति रजक का उदाहरण देते हुए बताया कि इटारसी की प्रीति रजक पहली महिला सेना सूबेदार बनी जो विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणा है।



### कल होगा पुरस्कार वितरण

महाविद्यालय अधिकारी कर्मचारी महिला कुर्सी दौड़ में प्रथम प्राचार्य डॉ राकेश मेहता, द्वितीय सुषमा सागर एवं तृतीय डॉ. असुंता कुजूर, पुरुष कुर्सी दौड़ में प्रथम परमानंद चौरे, द्वितीय डॉ. दिनेश कुमार, तृतीय डॉ. दुर्गेश लसगरिया रहे। वार्षिकोत्सव प्रभारी डॉ.संतोष अहिरवार ने बताया कि 6 मार्च को सांस्कृतिक गतिविधियों के अंतर्गत एकल एवं समूह गायन, एकल एवं समूह नृत्य, शास्त्रीय नृत्य एवं वादन की प्रतियोगिताएं होंगी। 7 मार्च को पुरस्कार वितरण होगा।

### प्रतियोगिता के परिणाम

100 मी बालक दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम जगन बारसे, द्वितीय रितिक चावरिया एवं तृतीय करन चौरे रहे। 100 मीटर बालिका दौड़ में प्रथम स्थान आकांक्षा बारिवा, द्वितीय उन्नति चौरसिया एवं तृतीय सुजाता राजपूत रही। छात्राओं की कुर्सी दौड़ में प्रथम शिखा साहू, द्वितीय प्रियांशी चौरे एवं तृतीय उन्नति चौरसिया, मेहंदी में प्रथम अलीना खान, द्वितीय नीतिका मलैया, तृतीय वैष्णवी नीले, रंगोली में प्रथम अदिति लाखे, द्वितीय संयुक्त रूप से शिवांगी गोहिया और तमन्ना श्रीवास एवं तृतीय सिमरन पुष्टि रहीं। गोला फेंक प्रतियोगिता में प्रथम कमल मालवीय, द्वितीय जगन बारसे और तृतीय हरिओम काजले, गोला फेंक बालिका में प्रथम आशिका, द्वितीय उन्नति चौरसिया एवं तृतीय आकांक्षा रहीं।

### पांच दिन से एमएसपी पर गेहूं खरीदी नहीं होने को लेकर सैकड़ों किसान कर रहे विरोध-प्रदर्शन

# आमरण अनशन पर बैठे किसान का स्वास्थ्य बिगड़ा, भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत पौसेरा में लगातार पांच दिवस से एमएसपी पर गेहूं खरीदी नहीं होने को लेकर सैकड़ो किसान विरोध कर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं, तो वहीं पर ग्राम जिनोरा के निवासी अशोक रघुवंशी एवं ग्राम सरपंच के निवासी बसंत पाठक लगातार चार दिन से आमरण अनशन पर बैठे हुए हैं।

अनुविभागीय अधिकारी संतोष तिवारी तहसील दार वैभव बैरागी विभाग की पुलिस अधिकारी कल्याणी बरकड़े थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी एवं स्वास्थ्य विभाग के एएनएम डॉक्टर सहित तमाम लोग उन दोनों की बार-बार स्वास्थ्य की जांच कर रहे हैं लेकिन उसके बाद भी 5 दिन से अन्य पानी न लेने के कारण तथा प्रदेश के देश के सभी किसानों को एसपी पर गेहूं धान खरीदी को लेकर सरकार के द्वारा की गई घोषणा का स्मरण करने के लिए तथा घोषणा पत्र के अनुसार कार्य पूर्ण करने के लिए यह लोग धरने पर बैठे हैं किस बसंत पाठक की अचानक तबियत बिगड़ी इसके बाद उन्हें एंबुलेंस से सिविल अस्पताल ले जाया गया बीपी शुगर आदि की स्टाफ नर्सो के द्वारा जांच की गई किस को चक्कर आ रहे थे फिलहाल उन पर लगातार नजर रखी जा रही है बताया जाता है कि खाना शरीर में नहीं गया है प्रतिदिन की स्थिति खराब हो सकती है बीएमओ के द्वारा प्रशासनिक दबाव के कारण जिला अस्पताल रेफर करने का प्रयास किया गया लेकिन किसानों के द्वारा उनकी बात का समर्थन नहीं किया गया और उक्त किसान को पुण्य धरना स्थल पर ले जाया गया। फिलहाल में अशोक रघुवंशी का स्वास्थ्य ठीक है अधिकारियों का कहना है कि यह पॉलिसी मैटर है इसमें अधिकारी कुछ नहीं कर सकते वह आमरण जैसी स्थिति को डालने का प्रयास कर रहे हैं तीन टाइम दोनों का चेकअप किया जा रहा है। मंदिर के पास यह लोग वर्तमान में ठंड है उसके बाद भी है अनशन पर बैठे हैं और वहीं पर रात्रि विश्राम कर रहे हैं फिलहाल में पाठक की तबीयत तो ठीक है लेकिन जनप्रतिनिधि या कोई वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी जवाबदारी जवाब देने कोई आश्वासन देने को वहां पर नहीं पहुंच रहे।

विधायक ठाकुर दास नागवंशी से इस बारे में चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि वह किसानों के लिए हमेशा तत्पर हैं जो किसान आमरण अनशन पर बैठे हुए हैं उनकी बात वह मंत्रालय तक तथा दिल्ली तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे और किसने की हर समस्या उनके निजी समस्या है इस बात को लेकर वह हमेशा तत्पर रहेंगे और शीघ्र ही घोषणा पत्र पर अमल करने का प्रयास करेंगे।

### मेले में की आबकारी टीम ने की छापामार कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा जिले में आयोजित होने वाले महादेव मेला को दृष्टिगत रखते हुए निर्देश दिए हैं जिसमें जिला आबकारी अधिकारी अरविंद सागर के मार्गदर्शन में अवैध शराब के विक्रय के विरुद्ध पिपरिया में विशेष अभियान के अंतर्गत आबकारी टीम के द्वारा पचमढ़ी मेला क्षेत्र के संदिग्ध स्थल क्षेत्र में मटकुली पिपरिया सहित आसपास के ग्रामों में टीम ने कार्यवाही की जिसमें 35 लीटर हाथ भट्टी शराब महुआ शराब जब हुआ आरोपियों के विरुद्ध मध्य प्रदेश आपकारी अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की गई जिसकी कीमत लगभग 7000 बताई जा रही है जिसमें आबकारी व्रत अधिकारी पिपरिया सुयश फौजदार हेमंत चौक से एवं आबकारी आरक्षक कैलाश अखंड़े एवं स्टाफ के लोग मौजूद रहे।

// आम सूचना //

आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद इटारसी की दुकान पक्की/कच्ची प्लाट नं. गैरिज लाईन मटन मार्केट कि जो श्री स्व.अब्दुल खलील कुरैशी अ. इब्राहिम कुरैशी के नाम से श्रीमति नजमा बानो W/o अब्दुल खलील कुरैशी एवं नौशाद कुरैशी S/o स्व. अब्दुल खलील कुरैशी एवं पुत्रिया फरहा, माहिद, बुशरा, नुशरत, D/o अब्दुल खलील कुरैशी के नामान्तरण कराना चाहते है। उक्त दुकान का नामान्तरण होने में किसी को काई आपत्ति है तो इश्तहार प्रकाशन सूचना से15 दिवस के भीतर संपूर्ण रिकार्ड एवं प्रमाण के साथ अघोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय नगर पालिका परिषद इटारसी के समक्ष में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकते है। यदि 15 दिवस के भीतर किसी की कोई आपत्ति दर्ज नहीं होती है तो तत्पश्चात किसी की किसी भी तरह की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जाएगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद इटारसी

### 2700 रुपए क्विंटल गेहूं खरीदी की मांग की

# किसान संघ ने किया कलेक्ट्रेट का घेराव, सांसद-कलेक्टर निकल गए





हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

मंगलवार को भारतीय किसान संघ ने रैली निकाल कर पिछले दिनों हुई ओला आंधी प्रभावित फसलों का हिसाब मांगा। साथ ही विधानसभा चुनाव में मोदी की गारंटी समर्थन मूल्य पर 2700 रुपए क्विंटल में गेहूं की खरीदी की मांग की। अनाज मंडी प्रांगण से रैली निकालते हुए दोपहर 2.45 बजे कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। यहां गेट बंद मिला तो नेशनल हाइवे रोड़ पर धरना दे दिया। कुछ देर यातायात प्रभावित रहा। 10 मिनट बाद गेट खुला।

कलेक्ट्रेट में किसानों ने धरना दिया। इस दौरान क्षेत्रीय सांसद गजेंद्र पटेल व कलेक्टर कर्मवीर शर्मा कलेक्ट्रेट में थे।किसानो ने अनाउंस कर सांसद से मिलने की इच्छा जताई।परंतु सांसद सीएम के कार्यक्रम में शामिल होने निकल गए। उनके खिलाफ किसानों ने नारेबाज़ी शुरू कर दी। आक्रोशित किसानों ने सांसद को आगामी महीनों में होने वाले लोकसभा चुनाव में गांव में घुसने न देने की चेतावनी दी।साथ ही टिकट को निरस्त करने तक की मांग की। वे दूसरे गेट से सीएम के ऑनलाइन कार्यक्रम में शामिल होने निकल गए। किसानों ने चेतावनी दी कि सांसद को गांवों में घुसने नहीं दिया जाएगा। आंदोलन के दौरान एएसपी तरुणेंद्रसिंह बघेल सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

### मंडी में सभा बाद डेढ़ किमी रैली बाद पहुंचे कलेक्ट्रेट

प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश पाटीदार, संभागीय अध्यक्ष श्यामसिंह पवार व जिलाध्यक्ष सदाशिव पाटीदार, जिला मंत्री मुकेश पटेल की अगुवाई में मंगलवार को दोपहर 1 बजे मंडी सभागृह में सभा की। दोपहर 1.30 बजे किसानों ने रैली निकाली। देश के भंडार भरेंगे लेकिन कीमत पूरी लेंगे... के नारे लगाते हुए पैदल रैली निकाली। लगभग डेढ़ किलोमीटर का रास्ता तय करते हुए रैली कलेक्ट्रेट पहुंची। प्रतिनिधियों का कहना था कि ओले व आंधी से प्रभावित हुई फसलों का हिसाब बताइए। अब तक कितना नुकसान हुआ है और कब तक मुआवजा मिलेगा।

### मोदी की गारंटी 2700 रुपए क्विंटल पर हो गेहूं खरीदी

*जिलाध्यक्ष, संभागीय अध्यक्ष व मंत्री मुकेश पटेल सहित किसान प्रतिनिधियों ने 2700 रुपए क्विंटल गेहूं खरीदी की भी मांग की। उन्होंने कहा विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मोदी की गारंटी 2700 किवंटल गेहू खरीदी का वादा किया था वह वादा पूरा होना चाहिए। बाजार में गेंहू की कीमत ज्यादा है जबकि समर्थन मूल्य गेहूं की खरीदी का भाव कम है। मोदी ने जो गारंटी दी है उसी भाव पर खरीदी हो।*

### अपर कलेक्टर से भिजवाया संदेश

*सांसद कलेक्टर के प्रतिनिधि बनकर 4 बजे अपर कलेक्टर जेएस बघेल धरनास्थल पहुंचे। जिलाध्यक्ष ने सभी को बताया संदेश भिजवाया कि उनसे जरूरी कार्यक्रम में जाने की वजह से संवाद नहीं हो पाया है। किसान उनसे मिलने की मांग करते रहे लेकिन सांसद व कलेक्टर आंदोलन खत्म होने तक नहीं पहुंचे। एडीएम को मांग पत्र सौंपकर धरना खत्म किया। एडीएम ने कहा कि फसल नुकसानी का सर्वे चल रहा है। ग्राम पंचायत में सूची चस्पा की जाएगी।*

### खरगोन आरटीओ पर गिर सकती है गाज...!

# परिवहन मंत्री बोले-बस भुगतान ज्यादा हुआ जांच करवाएंगे, कार्रवाई का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

पिछले महीने 11 फरवरी को खरगोन से झाबुआ अलीराजपुर के लिए गई 100 बसों के भुगतान मामले में हुए कथित घोटाला अब तूल पकड़ रहा है। पूरे मामले में अब परिवहन मंत्री ने उचित जांच कराने का कहा है।क्योंकि ऐसे मामलों से देश देश के ईमानदार छवि वाले प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुखिया मोहन यादव सहित पार्टी की छवि पर सवाल उठते हैं।

इधर पूरे मामले में आरटीओ ने आरोपों को सिरे से नकारते हुए कहा कि झाबुआ आयोजन में भिजवाई बसों के भुगतान सीधे बस मालिकों के खातों में किया गया है। ऐसे में जब कोई भुगतान आरटीओ को नहीं मिला तो उसमें घोटाला कैसे होगा। बता दें कि यह पूरा मामला खरगोन से झाबुआ, अलीराजपुर, उदयगढ़ भिजवाई गई बसों के भुगतान का है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के झाबुआ आगमन और आयोजन में शामिल होने के हितग्राहियों की व्यवस्था के लिए खरगोन से लगभग 100 बसें कलेक्टर के निर्देशानुसार अधिग्रहित कर आरटीओ के माध्यम से भिजवाई गई थी, जिनका भुगतान झाबुआ आदिवासी विभाग से कलेक्टर झाबुआ के माध्यम से हुआ था। लेकिन इस भुगतान में से पूरी राशि बस संचालकों को नहीं मिली थी, मामला सामने आने पर खुलासा हुआ कि खरगोन से झाबुआ जाने वाली बसों का आना जाना कुल 7 सौ किलो मीटर का भुगतान हुआ, जबकि यह दूरी मात्र 5 से सवा पांच सौ किलो मीटर ही थी। ऐसे में अतिरिक्त भुगतान को लेकर कई सवाल आरोपों के साथ उठे। सूत्रों की मानें तो आरटीओ ने बस संचालकों से पूरा भुगतान मिलने का सबूत बतौर शपश पत्र लिखवा लिए, अब देखने वाली बात होगी कि इस मामले का पटाक्षेप होता है या फिर जांच होगी और कार्रवाई भी।उधर खरगोन अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी से बार बार संपर्क करने पर भी उन्होंने ने कॉल रिसीव नहीं किया।


खरगोन जिले से गई सौ बसों के बिल भुगतान में शासन को लाखों की चपत

झाबुआ में पीएम की रैली में बसें भेजने के नाम पर लाखों का घोटाला करने के आरटीओ पर लगे आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

इसे अफसरों की नियत खराब कहें या फिर जिले के मलाईदार पदों पर बैठने के एवज में दी जाने वाली कथित राशि की कथित वसूली का परिणाम। वजह जो भी हो लेकिन अफसरों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आयोजन के लिए जुटाई भीड़ व्यवस्था में भी जमकर घोटाला कर यह साबित कर ही दिया कि अफसरों को किसी भी कार्रवाई का डर या खौफ नहीं है। यह कहना तब उचित हो जाता है जब खरगोन परिवहन विभाग में पदस्थ आरटीओ पर ऐसे आरोप लगे हों। जिसमें पिछले दिनों प्रधानमंत्री के झाबुआ की सभा का आयोजन के लिए जुटाई जनता के लिए आवागमन के साधनों की व्यवस्था के नाम पर भुगतान में बड़ा घोटाला करने का मामला सामने आया है। शायद विभागीय अफसरों को इस बात का भी खौफ नहीं कि उनके कारनामें उजागर होंगे तो इससे देश के साफ सुथरी छवि वाले प्रधानमंत्री के आयोजन व्यवस्था भी सवालों के घेरे में आएगी और विपक्ष को भी आरोप लगाने का मौका मिलेगा। जिससे सरकार की कार्यशैली पर असर पड़ेगा। खैर यह जिले का पहला मामला नहीं हैं। इसके पहले भी आरटीओ विभाग के अफसर अपने कारनामों को लेकर चर्चित रहे हैं।

जिले की परिवहन अधिकारी ऋतु अग्रवाल पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए शिकायत हुई है। जिसमें अलीराजपुर झाबुआ में हुए प्रधानमंत्री मोदी के आयोजन में भेजी गई बसों के भुगतान में लाखों की राशि की हेराफेरी करने के आरोप लगे हैं। शिकायतकर्ता ने अपनी लिखित शिकायत कलेक्टर

ज्यादा राशि निकाल कर की बंदरबांट

खरगोन जिले से झाबुआ, अलीराजपुर, उदयगढ़, जोबट बस भेजने के पीछे भ्रष्टों की भ्रष्टाचार की बस कुछ ऐसी चली कि अब उसका इंजिन भी बैठने की कगार पर आ गया है। खरगोन से अलीराजपुर के लिए 32 बसें भेजी गई, जिसमें एक बस का 5 सौ 48 किलोमीटर आने जाने का 50 रुपए प्रति किलोमीटर का 80 प्रतिशत भुगतान किया जाना था। लेकिन आरटीओ ने शासन को चपत लगाते हुए 700 किलोमीटर का भुगतान कराया। ऐसे ही खरगोन से उदयगढ़ भेजी 38 बस को इसी 14 किलो मीटर की दूरी के बदले 700 किलोमीटर का भुगतान कराया गया। वहीं खरगोन से जोबट गई बसों का 4 सौ 80 किलोमीटर दूरी के बजाय 700 किलोमीटर दूरी का भुगतान कराया। भुगतान को बस एसोसियेशन के अध्यक्ष वैभव सिंह तोमर, वलीउल्लाह मिर्ज़ा और मनोहर सिंह मौर्य के खाते में किया गया। भुगतान को इन तीन बस मालिकों से लेकर आरटीओ के निजी कर्मी ने अन्य बस मालिकों को नगद भुगतान किया। सूत्रों की माने तो बस मालिकों को कम राशि दी गई, बाकी राशि आरटीओ के कथित जेब में गई।हालांकि यहां यह भी आरोप सामने आए है कि लगभग दो सौ किलोमीटर का अतिरिक्त भुगतान शासन से वसूला गया है जो नियत 50 प्रति किलो मीटर अनुसार दस हजार रुपए अधिक होता है। ऐसे में यदि सौ बस का दो सौ किलोमीटर का अतिरिक्त खर्च देखें तो लगभग दस लाख रुपए का घोटाला किया जाना उजागर होता है। ऐसे में शिकायत कर्ता ने पीएम, सीएम, प्रमुख सचिव और कमिश्नर से मामले की जांच और कार्रवाई की मांग की है मामले के खुलासे के बाद इसके पहले विगत वर्षों में भी रैलियों में गई बसों के हिसाब की जांच की जाए तो अफसरों के बड़े चौकाने वाले कारनामे सामने आ सकते हैं।

इनका कहना है...

हम व्यस्त हैं बाद में बात करते हैं

तनवी हुड्डा कलेक्टर झाबुआ।

आरोप बेबुनियाद हैं

ऋतु अग्रवाल, परिवहन अधिकारी खरगोन

झाबुआ /अलीराजपुर को की है। प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, परिवहनमंत्री, कमिश्नर, प्रमुख सचिव, कलेक्टर्स, विधायक और नेता प्रतिपक्ष को भी भेजी है। शिकायत में बताया गया है कि 11 फरवरी 2024 को झाबुआ अलीराजपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आमसभा और क्षेत्र को दी सौगातों के आयोजन में शामिल होने के लिए, खरगोन से लगभग सौ बस व्यवस्था की गई थी, जिसमें खरगोन से अलीराजपुर लगभग 32 बस भेजी थी। खरगोन से उदयगढ़ के लिए 38 बस भेजी गई थी। वहीं खरगोन से जोबट 30 बस भेजी गई थी। इन बसों को कलेक्टर खरगोन के निर्देश पर आरटीओ द्वारा अधिगृहीत की गई।

बसों के आने जाने के लिए, शासन स्तर से प्रति बस का प्रति किलोमीटर के अनुसार 28 हजार रूपये भुगतान निर्धारित किया गया था। उसी मांग अनुसार आदिवासी विकास विभाग झाबुआ से राशि जारी हुई, जिसमें 80 प्रतिशत राशि का भुगतान किया जाकर 20 प्रतिशत भुगतान शेष है? लेकिन इस भुगतान में भी आरटीओ ने अपने निजी कर्मी के जरिये बस मालिकों से प्रति बस लगभग 3 से 4 हजार की कथित उगाही करवाई और लाखों रूपये के फेर का शासन को चपत तो लगाई। मामले को लेकर झाबुआ कलेक्टर से हरिभूमि ने मोबाइल पर संपर्क किया तो वह भी खरगोन का नाम सुनते ही इस मामले को लेकर कन्नी काटते नजर आए। हालांकि परिवहन अधिकारी ने आरोपों को नकारा है। अब देखने वाली बात होगी कि सरकार क्या कार्रवाई कर सबक देगी।

### खरगोन से झाबुआ,अलीराजपुर बस भिजवाने का मामला पहुंचा परिवहन मंत्री तक

**इनका कहना है**

वैसे तो आरटीओ ऑफिस से इस तरह के भुगतान नहीं होते है, फिर भी अगर खरगोन आरटीओ ने गलत तरीके से राशि जारी करवाई है या निकाली है, तो जांच कराई जाएगी और दोषी पाए जाने पर कार्यवाही की जाएगी

**राव उदयप्रताप सिंह**
परिवहन मंत्री, मप्र शासन

## जनसंवाद के माध्यम से जनता से रूबरू हुई पुलिस



**रहटगांव।** थाना परिसर में रविवार को अनुविभागीय अधिकारी टिमरनी आंकाक्षा तलया एवं थाना प्रभारी रहटगांव मानवेन्द्र सिंह भदोरिया द्वारा पुलिस जनसंवाद का आयोजन रखा गया। जिसमें रहटगांव क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। जिसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। जिससे क्षेत्र की सभी प्रकार की समस्याओं एवं सुझावों के संबंध में परिचर्चा कर समाधान करने पर चर्चा हुई।

### सेवा निवृत हुए गिरीश बिल्लौरे

**रहटगांव।** टेमागांव उत्पादन में प्रभारी रेंजर के रूप में पदस्थ उपवन क्षेत्रपाल गिरीश बिल्लौरे सेवा निवृत्ति हो गए। जिस पर वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा रहटगांव में फूल माला पहनाकर शुभकामनाएं दी। श्री बिल्लौरे की टेमागांव उत्पादन में पहली पोस्टिंग हुईं थी और संयोग से रिटायरमेंट भी यही से हुआ।

### भाकिसं का आन्दोलन और वाहन रैली आज

**हरदा।** भारतीय किसान संघ के प्रदेशव्यापी योजना के तहत गेहूं 2700 एवं धान 3100 रू खरीदी ,मूंग के लिए नहर में पानी, असमय बारिश से खराब फसलों की क्षतिपूर्ति एवं गंजाल मोरंड परियोजना सहित अन्य मांगों को लेकर विशाल रैली एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। जिसमे जिले के किसान वाहन रैली में शामिल होंगे।

### सीनियर महिला वर्ग की क्रिकेट ट्रायल

**हरदा।** सीनियर महिला वर्ग की ट्रायल आज मंगलवार को लिया जाएगा। मंसेवो सचिव हेमंत गोस्वामी ने बताया कि चयनित खिलाड़ीयो का प्रेक्टिस कैंप आयोजित कर जिले की टीम तैयार की जावेगी। जो इंटर डिस्ट्रिक्ट टूर्नामेंट मे जिले का प्रतिनिधित्व करेगी' ट्रायल नेहरू स्टेडियम हरदा में दोपहर 2 बजे से आयोजित कि जा रही है।

### मीडिया प्रतिनिधियों की कार्यशाला आज

**हरदा।** आगामी लोकसभा निर्वाचन को ध्यान में रखते हुए जिला स्तरीय मीडिया प्रतिनिधियों की कार्यशाला 6 मार्च को प्रातः 11 बजे से जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आयोजित की गई है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा ने बताया कि कार्यशाला में मीडिया प्रतिनिधियों को लोकसभा निर्वाचन के संबंध में आवश्यक जानकारी दी जाएगी।

### नेशनल लोक अदालत के लिए प्रचार वाहन को दिखाई हरी झंडी

**हरदा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृप्ति शर्मा के मार्गदर्शन में आगामी 9 मार्च को जिला न्यायालय हरदा एवं तहसील खिरकिया व टिमरनी सिविल न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिये विशेष न्यायाधीश अनूप कुमार त्रिपाठी ने जिला न्यायालय परिसर से मंगलवार को प्रचार रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय शैलेंद्र कुमार नगोत्रा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रदीप राठौर, जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष संजय शांडिल्य, तृतीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश रोहित सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के. के. वर्मा, न्यायिक मजिस्ट्रेट सचेन्द्र कुमार, विनीत साकेत, प्रियंका सुमन साकेत व अधिवक्तागण उपस्थित थे।

**प्राचार्य बोलीं-भ्रष्टाचार के आरोप बेबुनियाद**

# प्राचार्य को हटाने के लिए अभाविप ने दिया धरना, गेट पर जड़ा ताला

### विभिन्न मांगों को लेकर अभाविप ने पूर्व में भी दिए ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिले के शा. स्वामी विवेकानंद अग्रणी महाविद्यालय में विद्यार्थी परिषद द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर बार बार ज्ञापन दिए जा रहे है। कालेज की प्राचार्या डॉ. संगीता बिले को हटाने को लेकर सोमवार को परिषद द्वारा द्वारा धरना प्रदर्शन करते हुए गेट पर तालाबंदी की गई।

परिषद् के आरोप है कि 3 वर्षों से उन्हीं समस्याओं पर विद्यार्थी परिषद बारबार अपनी आवाज बुलंद करता आ रहा है, लेकिन कॉलेज प्रशासन द्वारा उन पर कोई भी संज्ञान नहीं लिया जा रहा है। परिषद् की मांग है कि महाविद्यालय एक शिफ्ट में संचालित किया जाए, कालेज में ड्रेस कोड लागू किया जाए, महाविद्यालय में सुरक्षा गार्ड रजिस्टर्ड एजेंसी से सुरक्षाकर्मी की तैनाती हो, खेल मैदान ऑडिटोरियम की समुचित व्यवस्था, गर्ल्स कॉमन रूम, लीडिंग कॉलेज होने के बावजूद भी कॉलेज में प्रायोगिक लैब व्यवस्थित नहीं है एवं उपकरण से लेकर के केमिकल तक नहीं है। इसके साथ ही किसी भी विभाग के नाम अंकित नहीं है, कक्षाओं के नाम भी नहीं लिखे गए हैं, कॉलेज में हेल्पडेक्स नहीं है, स्टाफ रूम की समुचित व्यवस्था की जाए, एनसीसी, एनएसएस एवं क्रीड़ा जैसी गतिविधियां शून्य है। इन्हें प्रारम्भ की जाये। ई-लाइब्रेरी एवं कंप्यूटर लैब पर ताला डला रहता है, स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन केंद्र का लाभ बच्चे नहीं ले पा रहे हैं।

### मांग पत्र में बताई समस्याए

इसके अलावा क्रय विक्रय निर्माण किए गए रूसा एवं वर्ल्ड बैंक की जानकारी, निशुल्क स्टेशनरी की जानकारी, आगामी नेक को लेकर के क्या-क्या तैयारी की गई है, उनका ब्योरा प्रस्तुत किए जाने बाबत, महाविद्यालय में स्पोर्ट्स पर ब्यय की गई राशि की जानकारी, ऐसे और अनेक बिंदु जांच मांग पत्र में दिए गए। धरना प्रदर्शन एवं तालाबंदी की खबर मिलने के बाद एसडीम केसी परते कालेज पहुंचे और निरीक्षण करने के बाद परिषद् कार्यकर्ताओं को समझाने की कोशिश की, लेकिन कार्यकर्ता कलेक्टर को बुलाने की जिद पर अड़े रहे। इसके बाद तत्काल कलेक्टर आदित्य सिंह ने प्रमुख सचिव मध्य प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग को तत्काल पत्र लिखकर यथाशीघ्र स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हरदा में प्राचार्य की नियमित पदस्थापना किए जाने हेतु पत्र लिखा है। जिसके बाद धरना समाप्त हुआ। इस दौरान नगर मंत्री दिपेश चौबे, जतिन चौहान, आशीष राजपूत, निखिल चंद्रवंशी, दीपक बकोरिया ,आदित्य मराठा, दनेश बीलोरे , संजना नायक, भारती धुर्वे, अभिषेक, राजेंद्र, संजय निलेश, सतीश, विशाल शर्मा विजय पीपलोदे, निलेश, गौरव आदि रहे।

उधर कालेज की प्राचार्या संगीता बिले का कहना है कि कालेज में 4 हजार से अधिक बच्चे हैं इसलिए एक शिफ्ट में लगाना संभव नहीं है। उन्होंने भ्रष्टाचार के आरोप पर कहा कि झूठे और बेबुनियाद है। विभिन्न मांगों को लेकर कहा कि कालेज स्तर की मांगों का निराकरण किया गया और किया जा रहा है।

### विभिन्न पदों पर नवनियुक्त युवाओं को प्रदान किए नियुक्ति पत्र

# व्यक्ति में यदि हौसला एवं जज्बा हो तो कहते हैं कि सपने उन्हीं के पूरे होते हैं : विधायक तनवे




हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में राज्य स्तरीय ह्लस्वच्छता प्रेरणा समारोहह्लह्ल मंगलवार को भोपाल के लाल परेड मैदान में आयोजित हुआ। इस दौरान उन्होंने प्रदेश के नगरीय निकायों को स्वच्छता उपकरणों, सुविधाओं एवं इकाईयों के विस्तार हेतु राशि रू.1000 करोड़ का अंतरण किया तथा विभिन्न पदों पर 8500 नवनियुक्तों को नियुक्ति पत्रों का वितरण किया गया। इसी क्रम में जिला स्तरीय कार्यक्रम स्थानीय गौरीकुंज सभागृह खण्डवा में मंगलवार को आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में खण्डवा विधायक कंचन तनवे एवं अन्य अतिथियों ने नवनियुक्त पटवारियों, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों, ए.एन.एम., फार्मा.ग्रेड-2, टेक्निशियन, रेडियोग्राफर टेक्निशियन, लैब अटेन्डेंट के पद पर नियुक्त अभ्यार्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। कार्यक्रम में 63 पटवारियों, 12 सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों, 9 फार्मा. ग्रेड-2 एवं 14 ए.एन.एम. के पद नियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। साथ ही नगर निगम के सफाई के सफाई कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में खण्डवा विधायक तनवे ने संबोधित करते हुए कहा कि अथक मेहनत एवं परिश्रम तथा योग्यता के बल पर जो परीक्षा उत्तीर्ण करके नियुक्ति पाई है उन सभी को बधाई। उन्होंने कहा कि व्यक्ति में यदि हौंसला एवं जज्बा रहता है तो कहते है कि सपने उन्हीं के पूरे होते है, जिनके सपनों में जान होती है और पंख बनने से कुछ नहीं होता, हौंसलों से उड़ान होती है। यहां जितने भी भाई और बहन बैठे है उनके हौंसलों को प्रणाम करती हूं। उन्होंने कहा कि पढ़ाई में अब गरीबी बाधक नहीं बनेगी, क्यों कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में कृत संकल्पित है। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर द्वय के. आर. बड़ोले,अरविंद कुमार चौहान सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण मौजूद थे। कार्यक्रम में उपस्थितजनों द्वारा लाल परेड भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा व सुना गया। कार्यक्रम का संचालन संदीप जोशी ने किया।

## जनसुनवाई में कलेक्टर सिंह ने सुनी नागरिकों की समस्याएं

**खंडवा।** शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत नागरिकों की शासकीय कार्यालयों से संबंधित समस्याओं का निराकरण अधिकारियों द्वारा किया जाता है। इसी क्रम में आज कलेक्टर अनूप कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अपनी समस्याओं के आवेदन लेकर आए विभिन्न नागरिकों की समस्याएं सुनी और उनके त्वरित निराकरण के लिए मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शैलेन्द्र सिंह सोलंकी, अपर कलेक्टर के. आर. बड़ोले सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगण मौजूद थे। इसके अलावा एसडीएम कार्यालय के उपखण्ड स्तर पर भी जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित कर नागरिकों की समस्याएं सुनी और उनका निराकरण किया गया।

### शिवरात्रि के महापर्व पर बालेश्वर धाम बालागांव में 12 ज्योतिर्लिंग की होगी पूजा

**रहटगांव।** बालागांव का बालेश्वर धाम शिव मंदिर में प्रतिवर्ष मनाए जाने वाला महाशिवरात्रि पर्व इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया जायगा। मंदिर में विशेष तैयारी की गई आकर्षक साज सज्जा के साथ पूजन पाठ एवं भगवान शिव की महाअभिषेक सुबह से लेकर शाम रात्रि तक चलता रहेगा। भगवान शिव की पूजा आराधना की जाएगी। भगवान शिव का आकर्षक श्रृंगार कर रात 12 बजे महाआरति कर् महाप्रसादी का वितरण किया जावेगा। जानकारी के मुताबिक भगवान बालेश्वर महादेव के मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान चल रहा था। इस दौरान ग्रामीणों ने आपस में विचार विमर्श कर एक ही स्थान पर भगवान के 12 स्वरूपों की स्थापना करने का निर्णय लिया।

### कलेक्टर सिंह ने जिला उपार्जन समिति की बैठक में दिए निर्देश

# गेहूं व चना उपार्जन की व्यवस्थाएं अभी से करें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

आगामी दिनों में समर्थन मूल्य पर गेहूँ व चने का उपार्जन प्रारम्भ होगा। गेहूँ व चने के उपार्जन के लिये केन्द्रों का निर्धारण एसडीएम की अध्यक्षता वाली खण्ड स्तरीय उपार्जन समिति की अनुशंसा के आधार पर जिला स्तरीय उपार्जन समिति करेगी।

मंगलवार को कलेक्ट्रेट में जिला उपार्जन समिति की बैठक कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में कृषि, सहकारिता, नापतौल, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, सहकारी बैंक, नागरिक आपूर्ति निगम, मार्कफेड, वेयर हाउस कार्पोरेशन व एनआईसी के अधिकारी उपस्थित हुए। बैठक में जिले के सभी एसडीएम व तहसीलदार वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से शामिल हुए। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी एसडीएम को निर्देश दिये कि खण्ड स्तरीय समिति की बैठक आज ही कर अपने-अपने क्षेत्र के उपार्जन केन्द्रों का सत्यापन भी करें और समिति की अनुशंसा सहित प्रस्तावित उपार्जन केन्द्रों की सूची आज रात तक भेजें ताकि उपार्जन केन्द्रों को अंतिम रूप दिया जा सके। कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में निर्देश दिये कि उपार्जन केन्द्रों पर किसानों की सुविधा के लिये सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। बैठक में नागरिक आपूर्ति निगम के जिला प्रबन्धक ने बताया कि उपार्जन कार्य के लिये नियुक्त होने वाले सर्वेयर्स का प्रशिक्षण करा लिया गया है।

### कलेक्टर श्री सिंह ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं



**हरदा।** कलेक्टर आदित्य सिंह ने मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत जिला पंचायत के सभाकक्ष में नागरिकों की समस्याएं सुनी इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ रोहित सिसोनिया, अपर कलेक्टर डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में ग्राम मांदला निवासी रामचन्द्र ने आवेदन देकर शिकायत की कि उसके खेत में आरोपी सूरज द्वारा ट्रेक्टर से फसल नष्ट कर दी गई है। कलेक्टर श्री सिंह ने एसडीएम खिरकिया को प्रकरण की जांच कर दोषी व्यक्ति के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये। हरदा के वार्ड क्रमांक 25 निवासी अंजू बाई ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मदद के लिये आवेदन दिया, जिस पर कलेक्टर श्री सिंह ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को आवेदिका की पात्रता का परीक्षण कर पात्रता अनुसार आवास हेतु मदद दिलाने के लिये कहा। सिराली तहसील के ग्राम रिछाड़िया निवासी विश्राम कोटवार ने अपनी सेवा भूमि से अतिक्रमण हटवाने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर उन्होने तहसीलदार को अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिये।